ESTD : 1954

दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन

# समाचार पत्रिका

मासिक

संपादक : एच. एल. खन्ना केवल सदस्यों के लिए निःशुल्क वितरण हेतु अंक: फरवरी 2019, मुद्रण: 28 फरवरी 2019

## आर्य अनाथालय के 800 विद्यार्थियों को भोजन की मेजबानी के साथ

# डीपीए ने 24 फरवरी को मनाया प्रिंटर्स डे







FALCON VACUUM PUMPS



D LV 1000 C DV
For Komori Offset



D LV 1000 C DVVL
For Heidelberg Double Color

*Manufactured, Sold & Serviced by :*

**FALCON VACUUM PUMPS & SYSTEMS**

Office: 98, Ram Saroop Industrial Complex, Mujessar, Faridabad - 121005, Haryana (INDIA)
Works: Plot No. 151, Sector-24, Faridabad - 121 005, Haryana (INDIA)
Phone : +91-129-4022837, 4026023
E-mail : info@falconpumps.com
Website : www.falconpumps.com

ESTD : 1954

President
**Mr. Rajesh Sardana**
98100-31996

Imm. Former President
**Mr. Rajiv Gupta**
98117-01764

Vice-presidents
**Mr. Ajay Sharma**
8178429924

**Mr. Meghraj Bhati**
98103-52633

**Mr. Prakash Dass**
98187-24948

Hon. General Secretary
**Mr. Mahinder Budhiraja**
93122-41788

Joint-secretaries
**Mr. Atul Goel**
98100-03943

**Mr. Puneet Talwar**
98110-81291

Treasurer
**Mr. Kewal Krishan Singhal**
98111-15945

Executive Members
Mr. Ashok Aggarwal
Mr. Ashok Kumar Nandra
Mr. D. K. Vohra
Mr. Deepak Bhatia
Mr. M. N. Pandey
Mr. Mohd Mustaqeem
Mr. P. K. Chauhan
Mr. Prashant Aggarwal
Mr. Prabir Kumar Mukherjee
Mr. Raghu Nandan Sharma
Mr. Sandeep Aggarwal
Mr. Sanjay Sharma
Mr. Shiv Mittal
Mr. Simranjot Singh Bhatia
Mr. Sunil Jain
Mr. Vijay Goel
Mr. Vijay Jain
Mr. Vikas Gaur
Mr. Vivek Jain

Executive Secretary
**H.L. Khanna**
9958043222

**Delhi Printers' Association**
Flat No. 26A,
Shanker Market,
New Delhi-110001
Tel. : 011-23414415
Telefax : 011-23412574
Email : delhiprinter@hotmail.com



# प्रिंट पैक इंडिया 2019 में डीपीए का स्टाल




इंडियन प्रिंटिंग पैकेजिंग एंड एलाइड मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (IPAMA) ने दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन को 14वें प्रिंट पैक इंडिया 2019 में एक निःशुल्क स्टाल आवंटित किया, जो कि नोएडा में 1 फरवरी से 6 फरवरी, 2019 तक ग्रेटर इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित किया गया। एक्सपो में 65,000 वर्ग मीटर का क्षेत्र शामिल था, जिसमें 509 भारतीय और विदेशी प्रदर्शकों द्वारा अत्याधुनिक मुद्रण, पैकेजिंग और संबद्ध मशीनरी प्रदर्शित की थी। कई प्रिंटर–फ्रेंडली सम्मेलन और सेमिनार प्रदर्शनी के अतिरिक्त आकर्षण थे।

एशिया में प्रिंटर्स की सबसे बड़ी एसोसिएशन होने के नाते, दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन ने अपने 65 साल पुराने यादगार कार्यक्रमों को स्टाल पर प्रदर्शित किया, जो समय–समय पर प्रिंटर्स के लाभ के साथ–साथ मुद्रण उद्योग के उत्थान के लिए आयोजित किए गए। एसोसिएशन की गतिविधियों में न केवल मुद्रण मशीनरी प्रदर्शनियों, मुद्रण में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार और विभिन्न कार्यशालाएं और सेमिनार शामिल थे, बल्कि सामाजिक–सांस्कृतिक और साथ ही होली मिलन, प्रिंटर दिवस और निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर जैसे सामुदायिक सेवा कार्यक्रम भी शामिल थे।

डीपीए एक द्वि –मासिक दिल्ली प्रिंटर और एक मासिक समाचार पत्र 'मासिक समाचार पत्रिका' प्रकाशित करता है, जिसकी प्रतियां और साथ ही प्रिंटर्स की डायरेक्टरी बिक्री की गई और विज्ञापन बुक किये गए। डायरेक्टरी की बहुत मांग थी। इच्छुक पार्टियों को सदस्यता फार्म भी दिए गए। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मास्टर प्रिंटर्स के जिज्ञासु आगंतुकों और पूर्व अध्यक्षों के अलावा, नेपाल, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के प्रतिनिधियों ने पदाधिकारियों और एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्षों के साथ बातचीत करने के लिए डीपीए स्टाल का दौरा किया।

## वर्ष 2018–2019 के वार्षिक शुल्क के लिए सदस्यों से अनुरोध

जिन सदस्यों ने अपना वर्ष 2018–2019 का वार्षिक शुल्क अभी तक नहीं भेजा है उन्हें याद दिलाया जा रहा है कि अपना शुल्क स्वयं/कोरियर/डाक द्वारा शीघ्रअतिशीघ्र भेजने की कृपा करें। कुछ सदस्य ऐसे भी हैं जिनका वार्षिक शुल्क 2017–2018 का भी नहीं आया है, उन्हें फिर याद दिलाया जाता है कि लगातार दो वर्ष तक वार्षिक शुल्क न आने पर एसोसिएशन की सदस्यता स्वयं समाप्त हो जाती है।

यदि आप वार्षिक चंदा बैंक में सीधे जमा करना चाहते हैं तो संस्था के निम्नलिखित दो बैंक खातों में से किसी में भी जमा करवा सकते हैं तथा जमा करने के बाद संस्था को सूचित कर दें। बैंक का विवरण इस प्रकार है।

Delhi Printers' Association
Saving A/c No. 90042010031370
IFSC Code-SYNB0009004
Bank Name - Syndicate Bank

Delhi Printers' Association
OD A/C No. 0022414008455
IFSC Code-HDFC0CTJCBL
Bank Name-The Janata Co-Operative Bank Ltd.

Printing, Processing and Binding Sponsored by

**Kaveri Print Process Pvt. Ltd.**

114, F.I.E PATPAR GANJ INDUSTRIAL AREA, DELHI-110 092
9810003943 (ATUL GOEL) 9811083939 (ANUJ GOEL)
PHONE: 22142030, 22142031
E-mail: kaveriprinters@gmail.com; kaveri_printers@yahoo.com

# अध्यक्ष की कलम से



यद्यपि कई वर्षों से डिजिटलाइज़ेशन के आगमन तथा ई-बुक्स के प्रचलन से आभास हो रहा था कि हमारे मुद्रण उद्योग पर इसका कुछ प्रभाव पड़ेगा किन्तु जनवरी 5 से 13, 2019 को प्रगति मैदान में नैशनल बुक ट्रस्ट द्वारा आयोजित विश्व पुस्तक मेले का परिणाम दर्शाता है कि इस प्रकार की आशंका निराधार है।

इस वर्ष के मेले का थीम "बुक्स फॉर रीडर्स एंड स्पेशल नीड्स" था जिसके अन्तर्गत् 23,000 वर्ग के विशाल क्षेत्र में भारत के एवं 25 विदेशों के 600 प्रकाशकों द्वारा 1,350 से अधिक स्टाल लगाए गए जिन्हें देखने लगभग 9 लाख आगन्तुक आएं। मेले का उद्घाटन करते हुए मानव संसाधन विकास मन्त्री श्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि "पुस्तक तथा संस्कृति एक दूसरे के पूरक हैं। भारत में पढ़ने की प्रवृत्ति दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यह भारत की संस्कृति का ही परिणाम है कि डिजिटलकरण के बावजूद यहाँ पुस्तकों की माँग कम नहीं हुई है।" पुस्तक मेले के थीम की प्रशंसा करते हुए श्री जावडेकर ने सामान्य एवं विषेश प्रकार के बच्चों के पढ़ने की ज़रूरतों तथा समावेशी सीख प्राप्त कर पाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने ब्रेल पुस्तकों, ऑडियो पुस्तकों, मूक पुस्तकों, स्पर्श पुस्तकों और इसी तरह की अन्य पुस्तकों के लिए 500 पुस्तकों की एक विषेश प्रदर्शनी का दौरा भी किया। थीम प्रस्तुति का एक प्रमुख आकर्षण "वी केयर इन्टरनैशनल डिसएबिलिटी फिल्म फैस्टिवल" था जहाँ 27 देशों की 50 से अधिक डौक्यूमैन्ट्रीज दिखाई गईं जिनमें विभिन्न प्रकार की बाधाओं को पार करके सफलता पाने वाले व्यक्तियों को उजागर किया गया। नैशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. बलदेव भाई शर्मा ने मेले के उद्घाटन पर पधारे गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और बताया कि 1972 के बाद से एन बी टी ने देश में पुस्तक पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए किस प्रकार की सराहनीय भूमिका निभाई।

विश्व पुस्तक मेले की भारी सफलता, बढ़ती हई पढ़ने की आदत के संकेत तथा सरकार की सर्व शिक्षा का अधिकार व साक्षरता कार्यक्रमों की सफलता के पश्चात् पाठ्यपुस्तकों की माँग में होती वृद्धि के मद्देनज़र हमारे मुद्रण व्यवसाय का भविष्य काफी उज्जवल दिखता है।

**-राजेश सरदाना, अध्यक्ष**

# महासचिव की कलम से



जैसे-जैसे मुद्रण कला के क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाली मशीनों में नई-नई तकनीकें आने के कारण बदलाव होता रहता है उसी प्रकार उनसे संबंधित कार्यप्रणाली में आने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधानों को खोज निकालकर उन पर विचार-विमर्श करने तथा उन्हें सूचित करने के लिए समय-समय पर सेमिनार आयोजित होते रहते हैं। इस कड़ी में बौम्बे मास्टर प्रिन्टर्स ऐसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष जनवरी माह में आयोजित "प्रिन्ट समिट" सबसे अधिक प्रचलित रहती है।

इस वर्ष का "प्रिन्ट समिट" मुम्बई में 24 जनवरी को आयोजित हुआ जिसमें देश-विदेश से आये वक्ताओं ने देश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर मुद्रण क्षेत्र में आने वाली नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी तथा उनके विभिन्न प्रश्नों के उत्तर तथा बहुमूल्य सुझाव दिये। मुद्रण के पारम्परिक तरीकों पर ऑन-लाइन प्रिन्ट बिज़नैस तथा डिजिटल प्रिन्टिंग एवं क्लाउड कंप्यूटिंग के आने से काफ़ी असर पड़ने की चर्चा हुई। दूसरी ओर नवीनतम तकनीक के प्रयोग के मद्देनजर सुझाव दिए गये कि अपने मुद्रण व्यापार में जहाँ तक सम्भव हो ऑटोमेशन लाएँ तथा सादे प्रकार की छपाई में वैल्यू-ऐडिशन लाकर उसे आकर्शक बनाएँ। वैल्यू-ऐडिशन के लिए कोटिंग, वार्निशिंग, टैक्टाइल फील (सौफ्ट टच) इफैक्ट आदि तकनीकों का प्रयोग होना चाहिए।

कुछ अन्य उद्योगों की भाँति मुद्रण उद्योग में भी पेमेन्ट महीनों न मिलने की समस्या प्रचलित है। इस विशय में 'टाइम-पे' नामक साफ्टवेयर कम्पनी ने एक प्रैजेन्टेशन द्वारा अपने पेमेन्ट मैनेजमेन्ट टूल की जानकारी दी की किस प्रकार उसके प्रयोग द्वारा समय के भीतर पेमेन्ट पायी जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस टूल द्वारा किस प्रकार मुद्रक अपने व्यापार में पैसे के लेन-देन, ऑटोमैटिक रिमान्डर आदि समय -समय पर भेज कर उगाही कर सकते हैं। अक्सर ऐसा होता है कि व्यस्तता के कारण हम उगाही करने में ढील कर देते हैं जिसके कारण देनदार या तो छः-छः महीने देरी से पैसा देते हैं अथवा कभी-कभी रकम ज्यादा हो जाने पर आगे काम तथा पैसा देना बन्द करके किसी अन्य मुद्रक से काम करवाने चले जाते हैं। विडम्बना यह है कि इस प्रकार की स्थिति में भी नया मुद्रक यह जानने का यत्न नहीं करता है कि उसका नया ग्राहक पिछले मुद्रक को किस कारण छोड़ कर आया है या बाज़ार में समय पर पैसा देने की उसकी साख कैसी है।

उपर्युक्त गम्भीर विषयों पर चर्चा के साथ सेमिनार में ब्रह्मकुमारियों की एक सिस्टर को भी समय दिया गया था जिन्होंने श्रोतागणों को अपने औद्योगिक तथा निजी जीवन के क्षेत्र में मानव-मूल्यों, नैतिकता तथा क्रोध पर नियन्त्रण रखने की प्राथमिकता पर उपदेश दिया। अतः हम मुद्रक भाईयों को इस सेमिनार में बताए गये विषयों पर ध्यान देकर उन्हें अमल में लाने का प्रयास करना चाहिए।

**-महिन्द्र बुद्धिराजा, महासचिव**


Easeprint Solutions.com
Inspiring you for better Tomorrow

9818892321, 9818891112
info@easeprintsolutions.com
www.easeprintsolutions.com

OFFSET PRINTING ESTIMATION SOFTWARE
A Product developed by a PRINT PROFESSIONAL with Experience over THREE DECADES
●Estimation of Commercial & Packaging Printing ●Production ●Accounts ●Stock Inventory ●M.I.S.
A Complete ERP for Commercial & Packaging Printing

# इपामा का पर्यावरण बचाने के लिए एक इको-फ्रेंडली कदम



प्रिंटिंग और ग्राफिक कला उद्योग पर देश में प्रिंट पैक इंडिया प्रदर्शनी के आयोजन के लिए जानी जाने वाली इंडियन प्रिंटिंग पैकेजिंग एंड एलाइड मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (IPAMA) ने पर्यावरण को बचाने के लिए एक इको–फ्रेंडली कदम की शुरुआत की है। अपने प्रशासनिक कार्यालय भवन सी–54, सेक्टर –62, इंस्टीट्यूशन एरिया में 20 किलोवाट का सौर प्रणाली फोटो–वोल्टाइक पावर प्लांट स्थापित किया गया है।

सौर ऊर्जा दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती पावर का स्रोत बन गया है। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक है जिसमें बिजली क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। हालांकि, हाल के वर्षों में, भारत ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति की है। स्वच्छ और स्थायी बिजली आज की जरूरत है। भारत में, अधिकांश विद्युत् आपूर्ति कोयले, तेल और प्राकृतिक गैस जैसे जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न होती है, लेकिन इन पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें बढ़ती कीमतों, सुरक्षा चिंताओं, आयातित सामान पर निर्भरता आदि शामिल हैं, इसमें जलवायु परिवर्तन भी शामिल है। जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर बिजली उत्पादन से जुड़े जोखिम जैसे विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए, केंद्र और राज्य सरकारें वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और नई प्रौद्योगिकियों के विकास का समर्थन कर रही हैं.



इपामा परिसर में स्थापित सोलर प्लांट द्वारा उत्पादित अतिरिक्त बिजली को राज्य सरकार को मानदंडों के अनुसार आपूर्ति की जाएगी। चाहे सौर बिजली के लिए हमारे प्रयास आर्थिक हों, लेकिन यह पर्यावरण के अनुकूल है, भूमि का बेहतर उपयोग है, और सबसे महत्वपूर्ण यह राष्ट्र के लिए बेहतर है क्योंकि यह ईंधन के लिए अन्य देशों पर निर्भरता को कम करता है।

**NARSINGH & COMPANY**
HO: 2241/36, 1st Floor, Kucha Challan, Daryaganj, New Delhi -110002
Phone: 011-23280705, 23269068
Mobile No: 9313515899, 9650453034, 7838671806, 9555707274
Email: narsinghgraphic@hotmail.com; sagar.screen147@gmail.com

**SAGAR SCREEN**
HO: 3601, Gali Hakim Bua wali, Shyam Bhawan, Netaji Subhash Marg, Daryaganj, New Delhi -110002
Phone: 011-23265826, 23269068
Mobile No: 7838671806, 9555707274, 9313515899, 9650453034,
Email: sagar.screen147@gmail.com

**KHUSHI RAM & SONS**
G-147 (Basement), Sector-63, Noida -201301 (U.P.)Phone: 0120-2406271 / 72
Mob: 9313515899, 7838671806, 8076993759
Email: khushiramsons148@gmail.com: narsinghgraphic@hotmail.com; sagar.screen147@gmail.com

BO: 1/11287A, Street No. 1, Subhash Park, Near Namkeen Chowk, Navin Shahdara, Delhi -32, Ph:9313515899, 7838671806, 9971685304

**AUTHORIZED DEALER :** Hubergroup India Pvt. Ltd., Siegwerk India Pvt. Ltd, Zenith Rubber Limited, Fujikura Rubber, Blankets, KRS Royal Green Blankets, Technova Inkjet Media, Technova Plates & Chemicals. **STOCKIST:** Damping Hose, Glass Balls, KRS Royal Green Blankets, Rubber Blankets (Fujikura, Cow & Valcon Reavees, Sawa, etc), Loyee, Graphic Art Films (Fuji)Tapes (Panfix, Comat, Classic) Arabic Gum & Machine Gum and other offset processing & Printing materials, STC Chemicals, Carbon Rod, Astolen Sheet, etc.

# डीपीए ने आर्य अनाथालय में प्रिंटर्स दिवस मनाया





सभी को लिखित ज्ञान और शिक्षा प्रदान करने के लिए, जर्मनी के जोहानेस गुटेनबर्ग द्वारा छह शताब्दियों पहले प्रिंटिंग प्रेस का अमूल्य आविष्कार मानव जाति के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। 'प्रिंटिंग' दुनिया भर में सभी क्षेत्रों के लोगों का एक अविभाज्य हिस्सा है और इसके गुण और लाभ सर्वविदित हैं। छपाई की कला के जनक माने जाने वाले जोहानेस गुटेनबर्ग की स्मृति को संरक्षित करने के लिए, दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन हर साल 24 फरवरी को प्रिंटर्स दिवस मनाता रहा है।

पिछले वर्ष की तरह, डीपीए ने 24 फरवरी, 2019 को दरियागंज में स्थित आर्य अनाथालय में एक समारोह आयोजित करके प्रिंटर्स दिवस मनाया, जहाँ डीपीए के कार्यकारी समिति के सदस्य, पूर्व अध्यक्ष और कुछ सदस्य लगभग 800 बच्चों को दोपहर का भोजन परोसने के लिए इकट्ठे हुए। छात्रों को एक विशेष भेंट के रूप में एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्य श्री विजय गोयल सभी छात्रों के लिए चॉकलेट लाए।

डीपीए फ्री जनरल हेल्थ और आई चेक–अप कैंप जैसी समाज सेवी कार्यक्रम भी आयोजित करता रहा है, जहां स्थानीय प्रिंटिंग इकाइयों के लगभग 500 कर्मचारियों के साथ–साथ निर्धन लोगों को भी मुफ्त नेत्र जांच, दवाओं और चश्मे के साथ लाभ मिलता है। इसके अलावा, डीपीए प्रत्येक बच्चे के लिए शिक्षा के उद्देश्य से, विभिन्न पृष्ठभूमि से, जरूरतमंद छात्रों को वितरित करने के लिए प्रिंटर सदस्यों द्वारा पुस्तकों की व्यवस्था करता है, जो किताबें खरीदने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं।

आयोजन के बाद, सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व अध्यक्ष, अतिथि सदस्यों के साथ–साथ डीपीए स्टाफ ने भी छात्रों के साथ दोपहर का भोजन ग्रहण किया।






ASC **Avanti** SALES CORPORATION

Authorised Dealers of: • TechNova • Siegwerk Inks • Huber Inks • Sakata Inks

Heidelberg CPC & Uflex Products

***Head Office:*** L.G. 7,8,9, Usha Chamber, L.S.C. New Rajdhani Enclave, Vikas Marg, New Delhi-110092

Ph.: 22053788, 22534104, 42441020 • Mobiles: 9711817339, 9810046967

Email: ascppi@hotmail.com

# पैकेजिंग उद्योग में नहीं मिल रहे जरूरी विशेषज्ञ

पैकेजिंग उद्योग में हर साल 30 हजार विशेषज्ञों की जरूरत है जबकि सिर्फ 400 ही उपलब्ध हो पाते हैं। यह जानकारी में एक कार्यशाला में भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी) के निदेशक डॉ. एनसी साहा ने दी। उन्होंने कहा कि विज्ञान स्नातकों और इंजीनियरों के लिए बतौर विशेषज्ञ इस क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं।

डॉ. साहा ने कहा कि फूड इंडस्ट्री तेजी से बढ़ता क्षेत्र है और युवाओं को इसमें कॅरियर बनाना चाहिए। युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के अधीन भारतीय पैकेजिंग संस्थान से कोर्स करके इस उद्योग के लिए जरूरी अनुभव लेना चाहिए।

आईआईपी के संयुक्त निदेशक डॉ. तनवीर आलम ने कहा कि गुवाहाटी, बेंगलुरु और अहमदाबाद में संस्थान प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि कोर्स के दौरान वैज्ञानिक विश्लेषण कर किसी वस्तु को खराब होने से बचाने और उसकी पैकेजिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पैक हुए खाद्य वस्तुओं पर टैग यानी बारकोड व्यवस्था की जरूरत है। इस मौके पर प्रो. डीसी राय, आरके चौधरी, राकेश शाह आदि ने अपने विचार रखे।

## कोनिका ने कलर प्रोडक्शन प्रिंटर्स की नई रेंज एक्युरियो प्रेस सी 6100 सीरीज लांच किया

प्रिंटर और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट बनाने वाली कंपनी कोनिका मिनोल्टा ने कलर प्रोडक्शन प्रिंटर्स की नई रेंज 'सिंपली एफीशिएंट' एक्यूरियो प्रेस सी 6100 सीरीज लॉन्च की है। कंपनी का दावा है यह बेहद प्रतिक्रियाशील प्रिंट रूम एनवायरमेंट का अनुभव देगी।

कंपनी ने एक बयान में कहा है कि एक्यूरियो प्रेस सी 6100 सीरीज अब 85 पीपीएम सी 6085 और 100 पीपीएम सी 6100 में उपलब्ध है। यह सीरीज उन यूजर्स को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है, जिन्होंने हाल में डिजिटल प्रिंटिंग का इस्तेमाल शुरू किया है और अब अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहे हैं. साथ ही यह उन लोगों के लिए भी अनुकूल है जो बड़ी मात्रा में बार–बार प्रिंट लेते हैं। एक्यूरियो प्रेस सीरीज सी 6100/सी 6085 डिजिटल प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, डिजिटल प्रेस स्यूट, सॉफ्टवेयर और क्लाउड आधारित टूल के साथ मॉड्यूलर लाइन है, जो प्रोडक्शन कलर फ्लो और बेहतर बनाती है. एक्यूरियो प्रेस सीरीज अपनी प्रिंटिंग सेवाओं, ऑटोमैटिक एफीशिएंट, शानदार क्वॉलिटी के साथ कम लागत में बेहद फायदेमंद है। कंपनी के डायरेक्टर योशीनोरी कोइडो ने कहा, 'यह सिंपली एफीशिएंट प्रेस सीरीज ग्राफिक कम्युनिकेशन प्रदाताओं, सीआरडी एवं प्रिंट सेवा प्रदाताओं सहित हर प्रकार के उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद होगी। इसमें प्रोडक्शन सिस्टम इस तरह से डिजाइन किए गए हैं कि बेहतर अपटाइम (सक्रिय रहने की अवधि) और भरोसे के साथ उच्च गुणवत्ता की प्रिंटेड सामग्री उपलब्ध कराएंगे।'

### ESIC Contribution Rates Reduced

Vide Notification No.105 dated 15.2.2019, issued by the Ministry of Labour & Employment, the ESIC contribution rates were reduced w.e.f. from February 15, 2019:

| Particular | Current Rate | Reduced Rate |
|---|---|---|
| Employers' Share | 4.75 per cent | 4.00 per cent |
| Employees' Share | 1.75 per cent | 1.00 per cent |
| Total | 6.5 per cent | 5.00 per cent |

### स्मृति शेष

14 फरवरी 2019 पुलवामा, कश्मीर में हुए एक आतंकवादी हमले में हमारे सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए। इन जांबाज शहीदों की स्मृति में डीपीए शत्–शत् नमन् करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शहीदों के शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं



Mr. V. K. Kanwar, former President of DPA and owner of Tijarti Press on February 7, 2019



Wedding anniversary of Mr. Raj Kumar Arya, former President of DPA and owner of Sindhu Art Printing Press on February 20, 2019.



Wedding anniversary of Mr. Puneet Talwar, Joint Secretary of DPA and owner of The Impact on February 23, 2019



Wedding anniversary of Mr. V. K. Kanwar, former President of DPA and owner of Tijarti Press on February 24, 2019

SHIVA TEXYARN LTD

ECO-FRIENDLY
REPLACEMENT OF PVC FLEX

Introducing India's 100% Cotton and 100% Polyester
Out of Home Advertising Banner Fabric
Compatible with UV, Latex, Solvent & Eco-Solvent

For Distributorship Contact: - Mobile: 7011926328,
Phone: 011-41718232, Email: Delhioffice@shivatex.in

ECO FRIENDLY

# शरीर के लिए कितना लाभकारी है शहद?




शहद का रंग, स्वाद और महक उसके स्रोत से पता चलता है। इसके कई बीज गाढ़े और खुशबूदार होते हैं, तो कई हल्के महक वाले होते हैं। जब मधुमक्खी शहद को एक फूल या एक विशेष बीज से इक्ट्ठा करती हैं, तो इसका मतलब 'एक फूल शहद' होता है। लेकिन वहीं, अगर मधुमक्खी कई बीज या फूल से शहद को इक्ट्ठा करती है, तो इसका मतलब 'वाइल्डफ्लॉवर (फूलदार जंगली पौधा) शहद' होता है। इसके अलावा जब मधुमक्खी पहाड़ी क्षेत्र से शहद इक्ट्ठा करती हैं, तो इसमें बाकी जगहों के शहद से ज्यादा औषधीय मूल्य मौजूद होता है।

नैशनल हनी बोर्ड के अनुसार "गाढ़े रंग का शहद स्वाद में तेज होता है। वहीं, हल्के रंग का शहद कोमल स्वाद रखता है"। शहद का रंग न सिर्फ उसका स्वाद बताता है, बल्कि उसमें मौजूद एंटी–बैक्टीरियल गुण भी बताता है। इसके अलावा आपको बता दें कि गाढ़े शहद में बाकी के शहद से ज्यादा उच्च मात्रा में एंटी–बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं।

### शहद के फायदे

**शहद एक एनर्जी बूस्टर की तरह है:** नैशनल हनी बोर्ड के अनुसार "शहद में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा होती है, जो कि 17 ग्राम एक बड़े चम्मच में होता है। कार्बोहाइड्रेट एक ऐसा तत्व होता है, जो शरीर की मांस पेशियों को काम करने के लिए एनर्जी देता है"। शहद एक तरह से प्राकृतिक अमृत माना जाता है, जिसे आप वर्कआउट से पहले एक चम्मच ले सकते हैं। चीनी की तरह इसमें आधा फ्रक्टोज और आधा ग्लूकोज होता है, जो शरीर में एनर्जी बूस्टर की तरह काम करता है।

**शहद एक एंटी–बैक्टीरियल पदार्थ है:** शहद में एंटी–बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जिसकी वजह से इसे पारंपरिक औषधी का भाग भी माना जाता है। इसका मतलब यह नहीं कि हर तरह का शहद औषधी के रूप में इस्तेमाल में लाया जा सकता है। शहद कितना प्रभावशाली है, यह कितना पुराना है और कहां से निकाला गया है पर निर्भर करता है।

**शहद, एंटी–इंफ्लमेट्री गुण रखता है:** मैक्स हॉस्पिटल की डाइटीशियन, डॉ. रितिका समद्दार का कहना है कि "शहद, एंटी–इंफ्लमेशन के लिए एक बहुत ही अच्छी दवा है। लेकिन हर तरह का शहद इस समस्या का इलाज नहीं है। रोज मिलने वाले मशहूर शहद के ब्रांड बनावटी हैं। कोई भी असली नहीं है। यह कहना मुश्किल है कि यह आपके शरीर के लिए कितना फायदेमंद हो सकता है। इसलिए प्राकृतिक शहद या कच्चा शहद इस्तेमाल करने की ज्यादा कोशिश करें। यह शहद आपको इंफ्लमेशन में तो आराम देगा ही, साथ ही शरीर से टॉक्सिन भी निकालेगा"।

**दमकती त्वचा के लिए है शहद:** अगर आप शहद का सेवन कर रहे हैं, तो आपको बार–बार पार्लर में जाकर फेशल कराने की बिलकुल भी जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा यह आपके घुटनों को मुलायम कर, कोहनी और फटे हुए लिप्स को कोमल करने में मदद करेगा। आप शहद में चीनी मिलाकर स्क्रब की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जो कि स्किन के लिए एक बहुत ही अच्छा मॉश्चराइजर है। शहद रूखी त्वचा के लिए भी काफी लाभकारी पदार्थ है।

**टिप:** शहद, शरीर को आराम देने के साथ शांत करने में मदद करता है।

**बालों के लिए फायदेमंद है शहद:** शहद में कुछ ऐसे गुण होते हैं, जो बालों को मॉश्चराइज कर स्केल्प को साफ करने में मदद करते हैं। साथ ही यह बालों को मुलायम बनाते हैं।

**टिप:** बालों को सोफ्ट करने के लिए आप एक छोटा चम्मच शहद अपने शैंपू में मिला सकते हैं। इसके अलावा डीप कंडिशनिंग उपचार के लिए इसे जैतून के तेल में भी मिलाया जा सकता है। शहद मिले तेल को अगर आप इस्तेमाल कर रहे हैं, तो बालों को 20 मिनट बाद ही शैंपू से धोएं।

**वजन घटाने के लिए शहद इस्तेमाल करें:** ये तो सभी जानते हैं कि शहद वजन घटाने के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। यहां तक की शहद अगर कम मात्रा में भी लिया जा रहा हो, तो शरीर को कई फायदे मिलते हैं। शहद को अगर गुनगुने पानी और नींबू के साथ मिलाकर लिया जाए, तो इससे हृदय रोग और रक्तचाप कम होता है। सिर्फ यही नहीं, शहद आपके मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ावा देता है। पानी और शहद में अगर आप नींबू की जगह एक चुटकी दालचीनी पाउडर मिला रहे हैं, तो यह आपके ब्लड ग्लूकोज को भी ठीक रखने में मदद करता है।

ARE PAPER SOURCING WOES WEIGHING YOU DOWN?

NEED BULK SUPPLY ON SHORT NOTICE?

HI'S & LOW'S AFFECTING PRODUCTIVITY?

NOT SATISFIED WITH QUALITY?

TIRED OF DELAYS?

FEELING CHEATED / BULLIED ON COST?

Regd.office :- Plot No.906-912,1st Floor Maharaja Agarsen Market, Chota Chhipiwara, Chawri Bazar, Delhi-110006
Noida Office :- C-18, 3rd Floor Sec-2, Noida-201301
Contact No. :- +91 120 4277662, +91 9870108009

VRINDA PAPERS PVT. LTD.
Complete Paper Solutions

GULF PRINT
& PACK 2019

15-18 APRIL 2019

DUBAI WORLD TRADE CENTRE



# SEE PRINT DIFFERENTLY

The world of print offers infinite variations and opportunities. At Gulf Print & Pack 2019, the Middle East and North Africa's only dedicated commercial print and packaging trade show, you can see them all under one roof. Explore live demonstrations of state-of-the-art digital presses, plus the latest smart technology, materials and inks from the leading manufacturers.

**Visit Gulf Print & Pack 2019 and discover more diversity and success for all the key verticals, including education, retail, security and much more.**

4 DAYS | 3 HALLS | 250 EXHIBITORS | LIVE DEMONSTRATIONS | LEADING SUPPLIERS | NEW TECHNOLOGIES

Register now for your free entry at: **WWW.GULFPRINTPACK.COM**